moneywise. be wise.

# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 15 मई 2024

## अतंराष्ट्रीय बाजार

### COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी )

| कमोडिटी | कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव |
|---|---|---|---|
| चांदी | जून | 26-06-24 | 28.70 |
| सोना | जून | 26-06-24 | 2359.90 |
| कच्चा तेल | जून | 21-05-24 | 78.02 |
| ब्रेंट कच्चा तेल | जुलाई | 30-05-24 | 82.38 |
| नेचुरल गैस | जून | 29-05-24 | 2.34 |

### करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

| करेंसी | वर्तमान भाव |
|---|---|
| अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया' | 83.48 |
| डॉलर इंडेक्स | 105.01 |
| यूरो/अमेरिकी डॉलर | 1.08 |
| सीआरबी इंडेक्स | 334.96 |

### LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

| कमोडिटी | | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | नकद | 10114.00 |
| एल्युमिनियम | नकद | 2551.00 |
| जिंक | नकद | 3003.50 |
| लेड | नकद | 2259.00 |
| निकल | नकद | 19075.00 |

### SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

| कमोडिटी | माह | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | 15 मई 24 | 81590.00 |
| एल्युमिनियम | 15 मई 24 | 20590.00 |
| जिंक | 15 मई 24 | 23640.00 |
| लेड | 15 मई 24 | 18195.00 |

## घरेलू बाजार

### MCX

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलडेक्स | 27-05-24 | 18392.00 | तेजी | 08.05.24 | 18238.00 | 18000.00 |
| चांदी | 05-07-24 | 85417.00 | तेजी | 26.04.24 | 82496.00 | 84500.00 |
| सोना | 05-06-24 | 72587.00 | तेजी | 09.05.24 | 72832.00 | 71600.00 |
| कच्चा तेल | 20-05-24 | 6512.00 | मंदी | 01.05.24 | 6622.00 | 6700.00 |
| नेचुरल गैस | 28-05-24 | 197.70 | तेजी | 25.04.24 | 165.30 | 185.00 |

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तांबा | 31-05-24 | 884.20 | तेजी | 06.05.24 | 866.70 | 872.00 |
| एल्युमिनियम | 31-05-24 | 233.95 | मंदी | 25.04.24 | 235.40 | 236.00 |
| जिंक | 31-05-24 | 264.00 | तेजी | 06.03.24 | 218.60 | 259.00 |
| लेड | 31-05-24 | 195.00 | तेजी | 05.04.23 | 186.55 | 191.00 |
| मेटलडेक्स | 20-05-24 | 17836.00 | तेजी | 15.03.24 | 15565.00 | 17500.00 |
| स्टील लांग | 20-05-24 | 46530.00 | तेजी | 06.05.24 | 45490.00 | 46100.00 |

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

**14.05.2024 को सभी बंद भाव**

## सर्राफा आउटलुक

सोने की कीमतों को 72300 पर सपोर्ट और 72700 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चांदी की कीमतों को 85700 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 85100 रू पर सपोर्ट रह सकता है । कीमतों में तेजी का रूझान रह सकता है। प्रमुख अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों, जो फेडरल रिजर्व की ब्याज दर प्रक्षेपवक्र में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है, से पहले आज सोने की कीमतों में गिरावट हुई। बाजार का ध्यान आज आने वाले अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आंकड़ों पर होगा। सेवाओं और वस्तुओं की लागत में मजबूत वृद्धि के बीच अप्रैल में अमेरिकी उत्पादक कीमतों में उम्मीद से अधिक वृद्धि हुई, जो यह दर्शाता है कि दूसरी तिमाही की शुरुआत में मुद्रास्फीति ऊंची बनी रही। इस बीच, फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 2024 तक अमेरिकी मुद्रास्फीति में गिरावट जारी रहेगी जैसा कि पिछले साल हुआ था और यह संभावना नहीं थी कि फेड को फिर से ब्याज दरें बढ़ानी पड़ेंगी। फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ क्लीवलैंड के अध्यक्ष लोरेटा मेस्टर ने कहा कि फेड के लिए दरों को स्थिर रखना उचित होगा क्योंकि वह इस बात के सबूत का इंतजार कर रहा है कि कीमतों का दबाव और कम हो रहा है।

## बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतें तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है । तांबे की कीमतें 880-887 के दायरे में कारोबार कर सकती है। चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा है और यह वैश्विक तांबे की लगभग 50% मांग के लिए जिम्मेदार है। वैश्विक स्तर पर फैक्ट्री गतिविधि में सुधार के संकेत, साथ ही विशेष रूप से स्मेल्टरों को भेजे जाने वाले कच्चे माल की आपूर्ति में कमी की संभावना से कीमतों को समर्थन जारी रह सकता है। आने वाले वर्षों में विद्युतीकरण बढ़ने से तांबे की मांग भी बढ़ने की उम्मीद है। सीमा शुल्क आंकड़ों से पता चला कि अप्रैल में चीन में कच्चे तांबे का आयात पिछले महीने से 7.6% कम हो गया, क्योंकि वैश्विक कीमतों में उछाल ने खरीदारी को कम कर दिया। जिंक में तेजी का रूझान रह सकता है और कीमतों को 263 पर सपोर्ट और 266 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। लेड की कीमतें 194-197 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 233-236 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है।

## एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतें मिले-जुले रूझान के साथ कारोबार कर सकती है और कीमतों के 6470-6550 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। आज एशियाई व्यापार में तेल की कीमतें बढ़ीं क्योंकि उद्योग के आंकड़ों से पता चला कि अमेरिकी भंडार में गिरावट हुई है और कम आपूर्ति की उम्मीद बढ़ गई है, लेकिन मुद्रास्फीति आंकड़ों से पहले बढ़त सीमित है । कच्चे बाजारों ने फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल से कुछ सकारात्मक संकेत लिए, जिन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है, जबकि चीन की 1 ट्रिलियन युआन (138 बिलियन डॉलर) के बड़े बांड जारी करने की योजना की रूपरेखा से भी कुछ मदद मिल रही है। फोर्ट मैकमरे-कनाडा का एक प्रमुख तेल शहर-आग लगने के कारण लगभग 6000 लोगों को निकाला गया। अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट (एपीआई) के आंकड़ों के अनुसार 10 मई तक के सप्ताह में अमेरिकी तेल भंडार 3.1 मिलियन बैरल कम हो गया, जो कि 1.1 मिलियन बैरल की कमी की अपेक्षा से अधिक है। आंकड़ों में गैसोलीन भंडार में भी गिरावट देखी गई, जबकि डिस्टिलेट में 349,000 बैरल की वृद्धि हुई। नेचुरल गैस की कीमतें 193-200 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

## प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

| भारतीय समयानुसार | आर्थिक आंकड़ें | महत्व | संभावित | पिछला | प्रभावित कमोडिटी | प्रभाव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18:00 | अमेरिकी कोर रिटेल सेल्स(माह-दर-माह)(अप्रैल) अधिक | अधिक | 0.2% | 1.1% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 18:00 | अमेरिकी रिटेल सेल्स(माह-दर-माह)(अप्रैल) | अधिक | 0.4% | 0.7% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 18:00 | अमेरिकी कोर सीपीआई (वर्ष-दर-वर्ष)(अप्रैल) | अधिक | 3.6% | 3.8% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 18:00 | अमेरिकी कोर सीपीआई (माह-दर-माह)(अप्रैल) | अधिक | 0.3% | 0.4% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 18:00 | अमेरिकी सीपीआई (वर्ष-दर-वर्ष)(अप्रैल) | अधिक | 3.4% | 3.5% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 18:00 | अमेरिकी सीपीआई (माह-दर-माह)(अप्रैल) | अधिक | 0.4% | 0.4% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 20:00 | ईआईए कच्चे तेल का भंडार | अधिक | -1.350M | -1.362M | कच्चा तेल | अनुकूल |
| 20:00 | ईआईए गैसोलीन का भंडार | अधिक | 0.880M | 0.915M | कच्चा तेल | अनुकूल |

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4, 5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्युचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।